**कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम, गोण्डा**
**अनुपम प्लाजा, कचेहरी रोड, सिविल लाइन, गोण्डा**

पत्रांक :– / नीलाम विज्ञप्ति /2024 दिनॉक– 21/10/24

## *नीलाम सूचना*

"सर्व साधारण एवं इच्छुक क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि गोण्डा विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत समस्त डिपुओं में उपलब्ध वनोपज के भण्डारित प्रकाष्ठ की लाटों का समिति नीलाम दिनांक 26.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे से टिकरी जंगल में स्थित रामगढ़ डिपो के नीलाम हाल परिसर में सम्पन्न किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गोण्डा लौगिंग प्रभाग द्वारा प्रेषित पूर्व के नीलाम में जमानत जब्त हुई गोण्डा, अयोध्या व अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत विभिन्न रेंजों के कुल 18 लाटों में 372 मिश्रित खड़े वृक्षों तथा वन प्रभाग के सी–1/सी–17 स्टाक का नीलाम **"जहॉ हैं जैसे हैं"** के आधार पर अपराह्न 2.00 बजे सम्पन्न कराया जायेगा। उक्त खड़े वृक्षों को विधिवत देखकर ही क्रेता बोली दें एवं बोली स्वीकार्य होने के पश्चात कोई भी आपत्ति/प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

डिपुओं की विक्रय सूची वन निगम के वेबसाइट **www.upforestcorporation.co.in** पर उपलब्ध है तथा खड़े वृक्ष व सी–1/सी–17 स्टाक की विक्रय सूची कार्यालय एवं डिपुओं से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक क्रेता नीलाम में उपस्थित होकर खड़े वृक्षों को क्रय करने का कष्ट करें। नीलाम की शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(देवशरण सिंह)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, गोण्डा

पत्रांक 1069 /तददिनांकित

**प्रतिः**–सम्पादक, हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स, लिमिटेड गोण्डा से अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के **गोरखपुर एवं लखनऊ संस्करण** में कम से कम स्थान में डी०ए०वी०पी० दर पर दिनांक 22.10.2024 में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल पर इस प्रभाग का **जी०एस०टी० नं०–09AAATU3944K1Z1** दर्ज कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। प्रत्येक बिल की राशि रू0. 2500/–(रू0. दो हजार पाच सौ मात्र) के समकक्ष हो, इसका ध्यान रखा जाए।

(देवशरण सिंह)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, गोण्डा

पत्रांकः–1069 /तदिनांकित

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (विपणन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
3. क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम गोरखपुर।
4. विक्रय अधिकारी (विपणन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
5. प्रभारी अधिकारी (कम्प्यूटर अनुभाग) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग अयोध्या, गोण्डा, अम्बेडकरनगर एवं बलरामपुर।
7. प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा।
8. समस्त डिपो अधिकारी, उ0प्र0 वन निगम, प्रकाष्ठ डिपो गोण्डा विक्रय प्रभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त नीलाम का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और अधिक से अधिक क्रेताओं को नीलाम में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।
9. प्रभागीय लेखाकार कार्यालय–प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा।
10. नोटिस बोर्ड।

(देवशरण सिंह)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, गोण्डा

Scanned with OKEN Scanner